# डीसी के आदेशों का नहीं दिखा असर... लुधियाना की मल्टीलेवल पार्किंग तीन दिन बाद भी बदहाल

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़





शहर की एक प्रमुख मल्टीलेवल पार्किंग आज बदहाली की तस्वीर पेश कर रही है। यहां पार्किंग शुल्क तो नियमित रूप से वसूला जा रहा है, लेकिन बदले में लोगों को बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो पा रही हैं। पार्किंग परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, अग्निशमन यंत्र एक्सपायर हो चुके हैं और टॉयलेट की हालत इतनी खराब है कि उनका इस्तेमाल करना लोगों के लिए मुश्किल ही नहीं, बल्कि शर्मनाक भी हो गया है।

पार्किंग में बने टॉयलेट खस्ताहालत में हैं। कई जगह दरवाजे टूटे पड़े हैं, साफ-सफाई का नामोनिशान नहीं है और बदबू से वहां खड़ा होना तक मुश्किल हो जाता है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि किसी को आपात स्थिति में बॉथरूम जाना पड़े तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं।

पार्किंग में अपाहिजों के लिए लगाई गई लिफ्ट भी कई वर्षों से बंद पड़ी है। इसका सीधा असर दिव्यांग लोगों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है, जिन्हें सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। कई सालों से यहां खस्ताहालत में पड़े वाहन भी प्रशासनिक लापरवाही की कहानी बयां करते हैं। न तो इन वाहनों को हटाया जा रहा है और न ही पार्किंग की समग्र व्यवस्था को दुरुस्त करने की कोई ठोस कोशिश नजर आ रही है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि पार्किंग में लगे अग्निशमन यंत्र एक्सपायर हो चुके हैं। किसी भी आपात स्थिति में यह एक बड़ा खतरा बन सकता है। बावजूद इसके, जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। लोगों का कहना है कि जब उनसे पूरी पार्किंग फीस ली जा रही है तो उन्हें मूलभूत सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं।

**▪ क्या कहते हैं डीसी....**

डीसी हिमांशु जैन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्होंने नाजर ब्रांच को इस संबंध में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। डीसी के मुताबिक, रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**▪ क्या कहते है नाजर ब्रांच के अधिकारी...**

वहीं, जब नाजर ब्रांच की अधिकारी राजवंत कौर से संपर्क किया गया तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अभी तक डीसी की ओर से उन्हें इस विषय में कोई निर्देश या जानकारी नहीं दी गई है। इस विरोधाभासी बयान के बाद सवाल उठता है कि आखिर जिम्मेदारी किसकी है और आम जनता की समस्याओं का समाधान कब होगा। कुल मिलाकर, डीसी के निर्देशों का जमीनी स्तर पर असर न दिखना प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जब तक अधिकारी जिम्मेदारी से काम नहीं करेंगे, तब तक लोगों को इसी तरह अव्यवस्थाओं और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## मेयर और विधायक ग्रेवाल ने सुभाष नगर यूसीएचसी का किया निरीक्षण

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



राज्य सरकार की ओर से लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और लुधियाना पूर्वी के विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल ने वीरवार को सुभाष नगर स्थित अर्बन कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (यूसीएचसी) का निरीक्षण किया। इस मौके पर मेयर इंदरजीत कौर और विधायक ग्रेवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार के सत्ता में आने के बाद इस केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सिविल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर भी नियमित रूप से यहां आकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा यूसीएचसी में ओओएटी सेंटर भी संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रमणदीप कौर, हेल्पफुल एनजीओ के दीपक गर्ग सहित अन्य अधिकारी और प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मेयर और विधायक ने जानकारी देते हुए कहा कि सुभाष नगर यूसीएचसी में जल्द ही जच्चा-बच्चा सेवाएं और डायलिसिस मशीनें भी शुरू की जाएंगी, जिससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार हर क्षेत्र में नागरिकों को मानक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार के लिए जनता से लगातार फीडबैक भी लिया जा रहा है। मेयर इंदरजीत कौर और विधायक ग्रेवाल ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने केंद्रीय जेल का किया निरीक्षण




समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ यूटी मानवाधिकार आयोग के सदस्य और पद्मश्री सम्मानित जितेंद्र सिंह शंटी ने गुरुवार को लुधियाना केंद्रीय जेल का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैदियों और विचाराधीन बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शंटी ने जेल की बैरकों, रसोईघर, भोजन व्यवस्था, शौचालयों, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्वयं जेल की रसोई का भोजन चखा और कैदियों से बातचीत की।

उन्होंने विशेष रूप से रसोईघर में स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने पर जोर दिया। शंटी ने जेल अस्पताल का भी दौरा किया और वहां उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली, जिनमें ओपिओइड असिस्टेड ट्रीटमेंट क्लिनिक, एचआईवी के लिए एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी, क्षयरोग उपचार और परामर्श कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने कैदियों के लिए पर्याप्त शौचालयों की उपलब्धता और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जेल के आसपास स्थित औद्योगिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए शंटी ने वहां इस्तेमाल होने वाले रसायनों की पहचान और आपदा की स्थिति में आपात प्रतिक्रिया योजनाओं (जैसे एंटीडोट की उपलब्धता) को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके अलावा उन्होंने बेकरी, बढ़ईगीरी, वेल्डिंग, पावरलूम, निटिंग, वुडवर्क और सिलाई जैसे व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम और मनोरंजन सुविधाओं का भी जायजा लिया। जेल अधिकारियों ने उन्हें कैदियों के कौशल विकास के लिए संचालित आईटीआई पाठ्यक्रमों की जानकारी दी।

जेल प्रशासन के साथ बैठक में शंटी ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए कि नियमों के अनुसार विचाराधीन बंदियों और कैदियों को अपने परिजनों से मिलने की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कैदियों के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम जसलीन कौर भुल्लर, सहायक सिविल सर्जन डॉ. विवेक कटारिया, जेल अधीक्षक (अतिरिक्त प्रभार) वरुण शर्मा, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट हरबंस सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कोहरे के बीच खिली सरसों की सुनहरी फसल.......



लुधियाना| लुधियाना में आज शाम हल्के बादल और ठंडी हवा के साथ अधिकतम तापमान करीब 19–21C और न्यूनतम 10–13C दर्ज होने की संभावना है। हवा धीमी है, इसलिए धुंध/कोहरे की स्थिति बन सकती है और दृश्यता पर असर पड़ सकता है। -लक्की भट्टी

## ब्लॉक समिति जीत के जश्न के दौरान हिंसक झड़प

### कांग्रेस नेता पर फायरिंग का आरोप, पांच कार्यकर्ताओं को लगी गोली

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब के लुधियाना जिले में ब्लॉक समिति चुनाव में जीत के जश्न के दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। मामला इतना बिगड़ गया कि ईंट-पत्थर चलने के बाद खुलेआम फायरिंग की गई, जिसमें 5 लोग गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया, जबकि गुस्साए आप कार्यकर्ताओं ने लुधियाना-मलेरकोटला रोड पर मराडो पुलिस चौकी के पास जाम लगा दिया। जानकारी के अनुसार, यह घटना गिल इलाके के बचित्तर नगर की है। ब्लॉक समिति चुनाव में आप उम्मीदवारों की जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ता धन्यवाद रैली निकाल रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस नेता जसबीर सिंह अपने समर्थकों के साथ मोहल्ले के एक घर में मौजूद थे। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने पर पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही गाली-गलौज और झड़प में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बहस के बाद दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चलाए गए। इसी बीच कांग्रेस नेता जसबीर सिंह ने कथित तौर पर अपनी पिस्टल से आप कार्यकर्ताओं पर सीधी फायरिंग कर दी।

इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों गुट एक-दूसरे को ललकारते और धमकाते नजर आ रहे हैं। करीब 1 मिनट 57 सेकेंड के वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि आप और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने खड़े होकर गालियां दे रहे हैं। आप समर्थकों में एक व्यक्ति निहंग सिंह के बाणे में हाथ में तलवार लिए आगे खड़ा दिखाई देता है। दोनों पक्षों के हाथों में ईंट-पत्थर और डंडे नजर आ रहे हैं। वीडियो में पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से पथराव होता दिखता है, जिसके बाद आप कार्यकर्ता भी जवाबी पथराव करते हैं। इसी दौरान अचानक गोलियों की आवाज गूंजने लगती है। क्रीम रंग की जैकेट पहने एक व्यक्ति आप कार्यकर्ताओं की ओर सीधे फायरिंग करता दिखाई देता है। गोली लगने से बुजुर्ग गुरमुख सिंह (65) मौके पर गिर पड़े, जिन्हें एक महिला घसीटकर सुरक्षित स्थान पर ले जाती नजर आती है। वीडियो में 3 से 4 बार फायरिंग की आवाज साफ सुनी जा सकती है।




इस फायरिंग में गुरमुख सिंह (65), रविंदर सिंह (44), गुरदीप सिंह (32), उदमवीर सिंह (25) और मनदीप सिंह (36) घायल हुए हैं। सभी को पैरों में गोली लगी है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल में भर्ती घायल रविंदर सिंह ने बताया कि वे जीत की खुशी में शांतिपूर्वक धन्यवाद रैली निकाल रहे थे। तभी कांग्रेस नेता जसबीर सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी और बाद में फायरिंग कर दी। आप नेता जतिंदरपाल सिंह गाबड़िया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता को हार बर्दाश्त नहीं हुई और उसने गोलियां चलवाईं।

घटना के बाद आप कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। उन्होंने सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात काबू में किए और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## जन्मदिन मुबारक




दिव्यांक शर्मा

*शादी की वर्षगांठ, नवविवाहित जोड़ा या बच्चे के जन्मदिन की फोटो छपवाने के लिए इस नंबर 7986630191 पर भेजें। फोटो भेजते वक्त नाम, उम्र और पता जरूर लिखें। ये सभी फोटो मुफ्त प्रकाशित होंगी।*

**विवाद** बिहार के मुख्यमंत्री माफी मांगे नहीं तो पंजाब की अदालत में करेंगे मुकदमा

## नीतीश का नक़ाब उतारना शर्मनाकः मोहम्मद उस्मान

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



बीते दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से एक समारोह के बीच मुस्लिम युवती के चेहरे से नकाब हटाने की हरकत को पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने शर्मनाक बताते हुए मुख्यमंत्री बिहार की कड़े शब्दों में निंदा की। मौलाना उस्मान लुधियानवी ने कहा कि नीतीश कुमार को अपने पद की गरिमा और उम्र का लिहाज बिल्कुल नहीं रहा है।

मोहम्मद उस्मान रहमानी ने कहा कि उनका यह मानसिकता उनके अंदर छुपी हुई मुस्लिमो के प्रति दुश्मनी को दर्शा रही है। अगर उन्हें अपने प्रदेश के अल्पसंख्यकों से इतनी ही नफरत है तो फिर वह अपनी पार्टी और अपने लोगों के साथ सेक्युलरिज्म का ढोंग रचना छोड़ दें। उनका यह बर्ताव दुनिया के सबसे बड़े धर्म इस्लाम की आस्था को ठेस पहुंचाने के साथ-साथ हर एक बेटी चाहे वह किसी भी जाति से और धर्म से संबंध रखती है का अपमान करना है। उन्होंने कहा कि यह हमारी ओर से यह निंदा और विरोध राजनीतिक नहीं है वास्तविक है शाही इमाम पंजाब ने कहा सामाजिक और धार्मिक लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि वह बिहार के मुख्यमंत्री की इस नापाक हरकत का संज्ञान ले और बेटियों की इज्जत उनके सम्मान के साथ कभी भी किसी भी परिस्थिति में समझौता ना करें। शाही इमाम मौलाना उस्मान लुधियानवी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी इस गलती पर माफ़ी नहीं माँगते है तो वह पंजाब से नीतीश कुमार पर अदालत में मुकदमा दायर करेंगे ताकि दोबारा कभी किसी और बेटी के साथ यह हरकत कोई और राजनेता या कोई भी उच्च पद पर बैठा हुआ व्यक्ति ना कर सके।

## जोनल कमिश्नरों की पार्षदों संग बैठक



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल के निर्देशों पर नगर निगम के चारों जोनों के ज़ोनल कमिश्नरों ने गुरुवार को अपने-अपने जोन में पार्षदों के साथ बैठकें कीं। बैठकों का उद्देश्य विकास कार्यों में तेजी लाना और पार्षदों व क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना रहा। ज़ोन ए में ज़ोनल कमिश्नर अभिषेक शर्मा ने पार्षदों के साथ बैठक की, जबकि ज़ोन बी में नीरज जैन, ज़ोन सी में गुरपाल सिंह और ज़ोन डी में जसदेव सेखों ने पार्षदों से संवाद किया। सभी बैठकें संबंधित ज़ोन कार्यालयों में आयोजित की गईं। बैठकों में लुधियाना नॉर्थ विधायक मदन लाल बग्गा, आतम नगर विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश प्रशार और डिप्टी मेयर प्रिंस जोहर भी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने और जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े पार्षदों को बैठकों में आमंत्रित किया गया। पार्षदों ने सड़कों, सीवरेज, सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने बताया कि अब ज़ोनल कमिश्नर पार्षदों के साथ बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट कमिश्नर कार्यालय को सौंपी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को फील्ड में जाकर जमीनी हालात का जायजा लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर ने कहा कि नगर निगम का मुख्य फोकस शहर की स्वच्छता, विकास कार्यों में तेजी और नागरिकों को बेहतर व सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 104